# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-201 | सागवाड़ा, मंगलवार, 29 मार्च, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# मामले को थाने पर ही रफा-दफा करने के लिए एक लाख रुपए मांगे थे

## डूंगरपुर एसीबी की टीम ने कार्रवाई

## रामसागड़ा थानाधिकारी बाबुलाल 52 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**डूंगरपुर।** बांसवाड़ा एसीबी की टीम डूंगरपुर जिले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। डूंगरपुर एसीबी की टीम ने डूंगरपुर जिले के रामसागड़ा थाने के थानाधिकारी बाबूलाल डामोर को 52 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मारपीट के एक मामले को रफा-दफा करने के लिए आरोपी थानाधिकारी ने रिश्वत की डिमांड की थी। डूंगरपुर एसीबी चौकी के कार्यवाहक प्रभारी एएसपी माधोसिंह सोढा ने बताया कि 27 मार्च को रेटा निवासी परिवादी भूरा लाल पिता उदयलाल अंगारी व सहपरिवादी शांतिलाल पिता रूपसी पारगी ने डूंगरपुर एसीबी चौकी में आकर रिपोर्ट दी थी। जिसमे परिवादियों ने बताया था कि 17 मार्च को होली के दिन रेटा गांव में उसके भाई दिनेश व मगन के साथ गांव के कालू व अन्य लोगो ने झगड़ा व मारपीट की थी। इसके बाद दोनों पक्षो ने रामसागड़ा थाने में परस्पर मामले दर्ज करवाए थे। जिसमे विपक्षी कालू ने परिवादी के परिवार के 28 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। जिसकी जांच रामसागड़ा थानाधिकारी बाबूलाल डामोर द्वारा की जा रही है। रिपोर्ट में बताया कि थानाधिकारी बाबूलाल मामले को थाने पर ही रफा-दफा करने के लिए एक लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। इस दौरान थानाधिकारी ने 28 में से 18 लोगो से 5 हजार रुपये लिए ओर शांति भंग में गिरफ्तार किया था। वही 18 इन ओर 10 अन्य आरोपियों को जानलेवा हमले के मामले में फंसाने की बात कर रहे है। जिस पर डूंगरपुर एसीबी ने शिकायत का 27 मार्च को सत्यापन करवाया तो सत्यापन में थानाधिकारी द्वारा दर्ज मामले को रफा-दफा करने के लिए प्रति आरोपी 3 हजार के हिसाब से 84 हजार की डिमांड की। इधर शिकायत का सत्यापन होने के बाद डूंगरपुर एसीबी चौकी के कार्यवाहक प्रभारी माधोसिंह ने अपनी टीम के साथ आज ट्रेप का जाल बिछाया। जिसके तहत परिवादी 52 हजार लेकर रामसागड़ा थाने पहुंचा जहां पर थानाधिकारी बाबूलाल ने रिश्वत की राशि लेकर अपनी दराज में रख लिए।

वही परिवादियों का इशारा पाकर एसीबी की टीम ने रिश्वत की राशि दराज से बरामद की ओर आरोपी थानेदार बाबूलाल को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इधर एसीबी की टीम द्वारा एसीबी ऑफिस में कार्रवाई चल रही है।

# बेणेश्वरधाम के राधकृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को निमंत्रण



साबला। वागड़ प्रयाग बेणेश्वरधाम पर निर्माणाधीन राधाकृष्ण मंदिर के 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक प्रस्तावित मन्दिर के शिखर प्रतिष्ठा व विष्णु महायज्ञ को राष्ट्रीय स्तर तक सफल आयोजन को लेकर बेणेश्वरधाम के पीठाधीश्वर महन्त अच्युतानंद महाराज के सानिध्य में मावभक्तों के साथ श्रद्धालुओं ने रूपरेखा की तैयारियां शुरू कर दी। इस भव्य धार्मिक आयोजन में साधु संतों,महंत व पीठाधीश्वर के साथ राष्ट्रीय स्तर तक बड़े राजनेताओं को निमंत्रण को लेकर रूपरेखा को अब से धरातलीय रूप दिया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को पंजाब के पूर्व राज्यपाल सीपी सिंह के अध्यक्षता में हरि मंदिर में बैठक हुई। बैठक में पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज ने बताया कि धाम पर 300 साल पूर्व राधाकृष्ण मन्दिर की आधारशिला जनकुंवर माताजी ने रखकर मंदिर का निर्माण किया। इसके बाद मंदिर के जीणोद्धार कर पुन: 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक मंदिर के शिखर प्रतिष्ठा व विष्णु महायज्ञ के 10008 कुंडली यज्ञ शास्त्री निकुंज पंडित के आचार्यत्व में होगा। इस कार्यक्रम को विशाल रूप व राष्ट्रीय स्तर के राजनेताओं के निमंत्रण को लेकर चर्चा की। इस पर पंजाब के पूर्व राज्यपाल सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के भव्य कार्यक्रम में देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धार्मिक कार्यक्रम की निमंत्रण पत्रिका के साथ भक्तो का प्रतिनिधि मंडल जाए।

वही इस भव्य कार्यक्रम में सन्त मावजी महाराज के 300 साल पूर्व रचित चोपड़े के डिजिटलाइजेशन के साथ भविष्यवाणियो की प्रदर्शनी व डोकीमेंट्री फ़िल्म को लेकर सिंह ने लगे हाथ चपोड़े के डिजिटिलाइजेशन का कार्य रहे संबन्धीत अधिकारी से दुरभाष पर बात की। साथ ही बताया कि इस भव्य कायक्रम में सन्त मावजी महाराज के चोपड़े व छायाकंन की प्रदर्शनी भी लागाने की बात की।इससे लेकर पीठाधीश्वर ने साबला व शेषपुर मंदिर के दो चोपड़ो की फोटोग्राफी के साथ डिजिटिलाइजेशन का कार्य प्रगति पर है शेष बांसवाड़ा व पूंजपुर मंदिर के चोपड़ो की फोटोग्राफी शेष रह गई है। पीठाधीश्वर ने बताया कि महत्वपूर्ण बात यह हैं कि इस धाम पर राधाकृष्ण मंदिर के भव्य शिखर प्रतिष्ठा व महायज्ञ में जाति व समाज से परे होकर सभी समाजो की सहभागिता रहेगी। पूरे धाम पर भजन कीर्तन सत्संग, वैदिक मंत्रों के गुज के साथ धार्मिक भक्ति का मेला सा माहौल रहेगा। इस बैठक में अशोक सिंह मेंतवाला, चन्द्रवीर सिंह, पूर्व प्रधान आसीन, विधायक गोपीचंद मीणा, विष्णु उपाध्याय, गुमान सिंह वालाई, बलवंत सिंह,योगेश आचार्य,हिमांशु भटट, महेंद्र उपाध्याय ,राजेश जोशी व बीएम चौबीसा सहित कई मावभक्त मौजूद रहे।

# युवक पर जानलेवा हमले के चार हमलावर गिरफ्तार, पुराने रंजिश के चलते किया था हमला

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की कुआ थाना पुलिस ने होली के त्यौहार पर पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हुए हमले के मामले में फरार चल रहे चार हमलावर बदमाशो को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चारो आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कुंआ थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया की 17 मार्च 2022 होली के दिन नयागांव निवासी शंकरलाल पुत्र कमजी पारगी मीणा किसी काम से बाइक लेकर चिखली गया था। इसके बाद शंकरलाल बाइक पर वापस चिखली से अपने गाँव नया गाँव लौट रहा था। इस दौरान नवागांव रोड पर मेडीटेम्बा निवासी काऊडा उर्फ़ कावालाल पिता नानू बामणिया, दीपक उर्फ़ बोडा पिता कानजी डेण्डोर, सोहन पिता प्रताप बामणिया और विनोद पिता सामो सरपोटा ने पुरानी रंजिश के चलते शंकरलाल की बाइक रुकवाई और उसके सिर पर जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए। इधर हमले में शंकरलाल बुरी तरह घायल हो गया था। वही घायल शंकरलाल के परिजनों की रिपोर्ट पर कुआ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। लेकिन घटना के बाद से सभी हमलावर फरार चल रहे थे पुलिस की टीम ने उनके घरो व उनके रिश्तेदारों के घरो पर कई बार दबिश दी लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा था। वही कुआ थाना पुलिस को मुखबिर के जरिये चारो आरोपियों के गुजरात में छिपे होने की सुचना मिली। जिस पर थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान, चिखली चौकी प्रभारी हैड कांस्टेबल छत्तर सिंह, कांस्टेबल रविन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह, भागीरथ, राजेन्द्र कुमार और रमेशचंद्र की टीम ने गुजरात में हमलावरों के छिपे ठिकाने पर जाकर दबिश दी और चारो हमलावरों को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# महिला की मौत के बाद डॉक्टर ने किया सुसाइड



**जयपुर/दौसा।** डिलीवरी के दौरान महिला की मौत के बाद प्राइवेट हॉस्पिटल की डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया। महिला की मौत पर परिजन हंगामा कर रहे थे। डॉक्टर के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज कराया था। डॉक्टर डिप्रेशन में आ गई थी। मंगलवार सुबह 11 बजे महिला डॉक्टर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मामला दौसा जिले के लालसोट का है। डॉ. अर्चना शर्मा (42) और उनके पति डॉ. सुनीत उपाध्याय (45) का लालसोट में ही आनंद हॉस्पिटल है। लालसोट के खेमावास निवासी लालूराम बैरवा अपनी पत्नी आशा देवी (22) को डिलीवरी के लिए सोमवार सुबह हॉस्पिटल लेकर आया था। दोपहर में डिलीवरी के दौरान आशा की मौत हो गई। नवजात सकुशल है। घरवालों ने मुआवजे की मांग को लेकर देर रात ढाई बजे तक हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन किया। गुस्साए घरवालों ने लालसोट थाने में रिपोर्ट दी थी। डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। डॉ. अर्चना डिप्रेशन में आ गई थीं। डॉ. अर्चना शर्मा गाइनी थीं और पति डॉ. सुनीत उपाध्याय न्यूरो साइक्रेट्रिस्ट है। 8 साल से डॉक्टर दंपती हॉस्पिटल चला रहे हैं। हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का कहना था कि ज्यादा ब्लड बहने से आशा की मौत हो गई थी। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे।



# गामड़ा ब्राह्मणिया में मन्दिर के पास झाड़ियों में लगी आग बुझाई

सागवाड़ा। ग्राम पंचायत गामड़ा ब्राह्मणिया में मन्दिर के पास झाडियों में आग लग गई। तालाब की पाल के किनारे भयानक आग लग गई।

आग इतनी भीषण थी कि धुऐं का गुबार उठने लगा। आग को देखते हुए मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया को दी। पालिकाध्यक्ष ने तत्काल इसकी जानकारी ईओ मुकेश कुमार मोहिल को दी जिसपर अक्षय पाटीदार, राहुल पाटीदार और सोमा भाई मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि गर्मी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही है। उन्होंने ने नगर पालिका की फायर बिग्रेड टीम को हर समय मुस्तैद रहने के निर्देश दिये है जिससे की समम पर घटना स्थल पर पहुंचा जा सके।

# मुख्यमंत्री की राजस्थान दिवस पर शुभकामनाएं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान दिवस (30 मार्च) की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। गहलोत ने कहा कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास, जैव विविधता, आकर्षक पर्यटन स्थलों जैसी विशिष्टताओं के कारण राजस्थान देश में अनूठी पहचान रखता है। साहस, शौर्य, त्याग एवं बलिदान की गाथाएं यहां के कण-कण में रची-बसी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थापना से अब तक राजस्थान ने विषम परिस्थितियों के बावजूद सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। जिस पर हम सभी गर्व कर सकते हैं। विकास की प्रक्रिया को लगातार गति देते हुए हमारी सरकार प्रदेश को नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। गहलोत ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से प्रदेश को

# प्रदेश में सूर्यदेव की तपिश बरकरार

**जयपुर।** मार्च खत्म होने से पहले ही राजधानी जयपुर समेत प्रदेशभर में सूर्यदेव की तपिश का असर हावी है। इस दौरान जहां पारा 40 डिग्री को पार कर गया है तो वहीं अन्य जगहों पर लू के चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेज गर्मी से आमजन परेशान है। अभी बोर्ड व अन्य परीक्षाएं भी चल रही हैं, जिसकी वजह से स्कूली बच्चे अधिक परेशान हैं।

# शिक्षा विभाग व स्कूलनेट संस्था के बीच साइन हुआ एमओयू



**जयपुर।** मंगलवार को शिक्षा संकुल में राज्य के राजकीय विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा के प्रसार हेतु राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् एवम् स्कूलनेट संस्था के मध्य एमओयू साइन हुआ। एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा शिक्षा के विभिन्न आयामों में सहयोग हेतु आरईआई पार्टनर्स के रूप में विभिन्न एनजीओ के साथ गैर वित्तीय एमओयू सम्पादित किए जाते है। उन्होंने कहा कि संस्था स्कूलनेट प्रदेश के 6654 विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में विभाग का सहयोग करेगी व यह एमओयू राज्य में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

## मुख्यमंत्री ने की आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा

# कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधियों पर हो सख्त कार्रवाई



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अपराध के खिलाफ राज्य सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा के समक्ष चुनौती उत्पन्न करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता एवं चौकसी बरती जाए। गहलोत मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग के साथ बैठक में आन्तरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, मादक पदार्थों, जाली नोट, हथियारों आदि की तस्करी रोकने सहित अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति सामरिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हमारे बड़े भू-भाग से भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा गुजरती है। पिछले कुछ सालों में सीमावर्ती जिलों में क्रूड ऑयल निकलने, रिफाइनरी, सोलर पावर प्लांट तथा विंड एनर्जी इकाइयों की स्थापना के कारण औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियां काफी बढ़ी हैं। बेहतर सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी के कारण यहां लोगों का आवागमन भी बढ़ा है। इसके चलते इस क्षेत्र में विशेष निगाह रखे जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं का असर विकास गतिविधियों पर पड़ता है। नागरिक प्रशासन और पुलिस के अधिकारी सेना एवं बीएसएफ के साथ सतत् सम्पर्क एवं समन्वय बनाए रखकर सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान करें। गहलोत ने छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर विरोध स्वरूप रास्ता रोकने तथा इस कारण कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और भविष्य में इन पर पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले ऐसे तत्वों की पहचान करने और उनके विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, मुख्य सचिव ऊषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर, डीजी इंटेलीजेंस उमेश मिश्रा, एडीजी क्राइम आरपी मेहरड़ा, एडीजी एसओजी अशोक राठौड़, एडीजी कानून-व्यवस्था हवासिंह घुमरिया, एडीजी सुरक्षा एस सेंगथिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर बुधवार 30 मार्च को दोपहर 12 बजे पुलिस महानिरीक्षकों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक करेंगे।

## आबकारी विभाग का 30 अप्रेल तक विशेष निरोधात्मक अभियान

# अवैध मदिरा के उत्पादन, परिवहन व भंडारण पर होगी कड़ी कार्रवाई

**जयपुर।** नई आबकारी नीति के तहत प्रदेश में एक अप्रेल से मदिरा की दुकानों का नया बंदोबस्त लागू हो जाएगा। इसे देखते हुए अवैध मदिरा उत्पादन, भंडारण परिवहन व वितरण को हतोत्साहित करने के लिए 30 मार्च से 30 अप्रैल तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जाएगा। आबकारी आयुक्त चेतन देवड़ा ने बताया कि इस विशेष अभियान के लिए प्रत्येक जोन के अतिरिक्त आबकारी आयुक्तों को प्रभारी बनाया गया है। जिले में आबकारी अधिकारी प्रभारी होंगे जो अतिरिक्त आयुक्त के निर्देशन में कार्रवाइयां करेंगे। अभियान के तहत अवैध मदिरा के उत्पादन, परिवहन व भंडारण को हतोत्साहित करने के लिए आबकारी निरोधक दल की नियमित कार्रवाइयों के अलावा विशेष कार्रवाई करते हुए व्यापक स्तर पर धावे आयोजित किए जाएंगे। चिन्हित स्थानों पर दबिश, चैकिंग व निगरानी रखी जाएगी। प्रतिदिन की कार्रवाई की सूचना निर्धारित प्रपत्र में मुख्यालय पर संकलित की जाएगी।

देवड़ा ने बताया कि जिन पुराने अनुज्ञाधारियों ने नवीनीकरण नहीं करवाया या नीलामी में दुकान आवंटित नहीं करवाई है, उन पर विशेष नज़र रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि कोई भी पुराना अनुज्ञाधारी या अन्य व्यक्ति अवैध मदिरा से जुड़े कार्यों में संलिप्त पाया जाए तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जावे। आबकारी आयुक्त ने बताया कि पूर्व में दर्ज प्रकरणों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर शून्य फरारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अभियान के दौरान प्रयास किए जाएंगे कि कोई भी अभियुक्त फरार होने में सफल न हो सके।

इस दौरान मुखबिर प्रोत्साहन योजना का लाभ मुखबिरों को दिलवाया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा।